एमएसएमई यूनिटों को बैंकों की तरफ से 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का शुभारंभ

ब्याज मुक्त ऋण योजना से जोड़े जाएंगे 10 लाख युवा उद्यमी: योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 5 लाख तक के ऋण को ब्याज मुक्त किया जाएगा। इसके जरिए 10 साल में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को इससे जोड़ने का लक्ष्य है।

योगी ने यह बातें गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने झांसी में रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क प्रदेश का 11वां प्लेज पार्क का लोकार्पण किया। साथ ही एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने पीएमईजीपी, एमवाईएसवाई, ओडीओपी व मुद्रा योजना के लाभार्थियों को ऋण तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी व केवीआईबी के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आरएएमपी (रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2017 तक एमएसएमई उद्यमियों के बीच हताशा और निराशा थी। 2017 के बाद से लगातार किये गये प्रयास के फलस्वरूप आज हमारा एमएसएमई उद्योग प्रदेश के विकास की रीढ़ बन चुका है। यूपी आज देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था, रोजगार देने के मामले में नंबर एक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एमएसएमई यूनिटों को ऋण वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की।

सरकार हर स्तर पर अपने उद्यमियों के साथ

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार एमएसएमई उद्यमियों को मुख्यमंत्री उद्यमी बीमा का कवर देती है, अब तक 24 लाख से अधिक उद्यमियों ने इसमें रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके तहत अगर किसी आपदा की चपेट में कोई उद्यमी आता है तो उसे 5 लाख रुपये तक का लाभ सरकार प्रदान करेगी। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, आईआईडीसी मनोज कुमार, प्रमुख सचिव आलोक कुमार मौजूद रहे।